**SET-1**

**Series S4PRQ**

प्रश्न-पत्र कोड **29/4/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

[]

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी (ऐच्छिक)

## HINDI (Elective)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या **13** है।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **तीन** खण्ड हैं – **खण्ड क, ख** और **ग**।*

*(iii) तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(iv) दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(v) यथासंभव सभी खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।*

## खण्ड क

## (अपठित बोध)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *10*

'विज्ञान वरदान है या अभिशाप' विषय पर तो सदियों से विमर्श होता रहा है और पिछले कुछ वर्षों से स्मार्टफ़ोन के फायदे या नुकसान पर भी वाद-विवाद चल रहा है। इस विषय पर अभी किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुँचा जा सकता क्योंकि इसके भी दो पहलू हैं। एक तरफ स्मार्टफ़ोन के कारण लोगों की ज़िंदगी में आए सकारात्मक बदलाव से इनकार नहीं किया जा सकता लेकिन इसके नकारात्मक प्रभाव का प्रत्यक्ष अनुभव भी किया जा सकता है। यकीनन हमारी ज़िंदगी में स्मार्टफ़ोन से हर बदलाव सकारात्मक नहीं हुआ। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से सोशल मीडिया ने आम लोगों को गिरफ़्त में लिया, वह चिंता की बात है।

शुरुआत में सोशल मीडिया के ऐप लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने और सूचनाओं के आदान-प्रदान के बेहतरीन माध्यम के रूप में उभरे और कम समय में दुनिया भर में छा गए। लेकिन यह बात भी सामने आई कि लाखों लोगों को सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में रहने की इस कदर लत लगी कि वे न सिर्फ़ अपने सामान्य सामाजिक जीवन से कटने लगे, बल्कि रोज़ घंटों इस माध्यम पर समय बिताने के कारण अवसाद का शिकार भी होने लगे। एक शोध के अनुसार आज दुनिया भर में अरबों लोग हर दिन सोशल मीडिया का प्रयोग कर रहे हैं। आने वाले समय में यह संख्या और भी बढ़ने का अनुमान है।

सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग करने वालों में बच्चों से लेकर बुज़ुर्गों तक सभी उम्र के लोग शामिल हैं लेकिन सबसे बुरा असर किशोरों पर देखा गया है, जो सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा जुड़े रहते हैं। इसके माध्यम से रातोंरात स्टारडम और पैसे हासिल करने की आकांक्षा ने ऐसी आत्ममुग्ध पीढ़ी को जन्म दिया है जो सोशल मीडिया पर अधिक-से-अधिक "लाइक्स" मिलने की चाह में कुछ भी कर गुजरने को तैयार है। इनमें से कई मन मुताबिक 'लाइक्स' न मिलने से हताश होकर अवसाद के शिकार हो जाते हैं। यह ऐसी समस्या है जो दिनोंदिन बढ़ रही है। नजदीकी समय में तो इसका निदान दिखाई नहीं दे रहा है। बस यह हो सकता है कि इसके अतिशय उपयोग से बचा जाए और आभासी दुनिया के छलावे को असल ज़िंदगी पर हावी न होने दिया जाए।

(i) गद्यांश के आधार पर यह कहा जा सकता है कि : *1*

(A) सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग से सामाजिक संबंध मज़बूत हुए हैं।

(B) आज दुनिया का हर आदमी हर दिन सोशल मीडिया का प्रयोग कर रहा है।

(C) युवाओं पर सोशल मीडिया का सकारात्मक से अधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

(D) सोशल मीडिया बुज़ुर्गों के लिए समय व्यतीत करने का उत्तम साधन है।

(ii) सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों में क्या शामिल ***नहीं*** है ? *1*

(A) मानसिक तनाव

(B) हताशा और अवसाद

(C) अकेलापन

(D) रचनात्मक विकास

(iii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर लिखिए : *1*

*कथन :* सोशल मीडिया पर 'लाइक्स' की होड़ युवाओं में मानसिक तनाव का कारण है।

*कारण :* अपेक्षित 'लाइक्स' न मिलने पर व्यक्ति स्वयं को दूसरों से कमतर महसूस करता है।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है।

(B) कारण सही है, किंतु कथन ग़लत है।

(C) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iv) सोशल मीडिया की बढ़ती लत ने सामाजिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है ? *2*

(v) 'सोशल मीडिया एक साधन है, साध्य नहीं।' गद्यांश के आधार पर टिप्पणी कीजिए। *2*

(vi) सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं ? *2*

(vii) 'आभासी दुनिया' से क्या तात्पर्य है ? *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *8*

आदतें अक्सर बहुत बुरी शासक होती हैं
लगभग तानाशाह
अपने गुलाम को लगभग पालतू जानवर की तरह
बाँधे रखती हैं हर वक्त
अच्छी आदतों के बनिस्बत बुरी आदतें
बहुत देर तक पीछा करती हैं आदमी का
आदमी कुछ लतें तो इसलिए पाल लेता है
कि वह अलग दिखना चाहता है सब से
जब तेजी से व्यावसायिक होने लगती हैं चीज़ें
तो नई आदतें प्रवेश करती हैं समाज में
लोग कुहनी उठाकर चलने लगते हैं अचानक
कुहनी से धकियाते हुए वे
निकल जाना चाहते हैं एक-दूसरे से आगे
अच्छी आदतें अक्सर बहुत डरपोक होती हैं
और अक्सर अपने बिल खोद कर रखती हैं
अच्छी आदतें कई बार जिद बन जाती हैं
और ऐसे लोगों को अव्यावहारिक
माना जाता है कामकाजी समाज में
इतनी आकर्षक होती हैं अक्सर आदतें
कि सबसे ताकतवर तर्क जुटाए जाते हैं
उनके बारे में
आदमी अक्सर सोचता है अपनी आदतों के बारे में
जबकि जानवर उन्हें सिर्फ़ दोहराते हैं।

(i) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर लिखिए : *1*

*कथन :* आदतें अक्सर बहुत बुरी शासक होती हैं।

*कारण :* आदतें मनुष्य को अपना गुलाम बना लेती हैं। उस पर राज करती हैं। उसे इच्छानुसार नचाती हैं।

**विकल्प :**

(A) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कारण सही है, किंतु कथन ग़लत है।

(C) कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(ii) 'आदतें बहुत देर तक पीछा करती हैं आदमी का' – से अभिप्राय है : *1*

(A) आदतों को आदमी बहुत समय तक छोड़ना नहीं चाहता।

(B) आदतें आदमी को कहीं भी चैन से नहीं रहने देतीं।

(C) आदतों को छोड़ने/बदलने में बहुत समय लगता है।

(D) आदतों का आदमी अभ्यस्त हो जाता है।

(iii) गद्यांश के अनुसार समाज में ऐसे लोगों को अव्यावहारिक माना जाता है, जो : *1*

(A) आधुनिक जीवन शैली के अनुरूप नहीं रहता हो।

(B) अपनी अच्छी या बुरी आदतों पर जीने वाला हो।

(C) समयानुसार आचार-विचार में परिवर्तन न ला सके।

(D) भौतिक सुख-सुविधा के साधनों को व्यर्थ समझता हो।

(iv) 'आदत' से क्या आशय है ? *1*

(v) आदतों के संदर्भ में मनुष्य और पशु में क्या अंतर है ? *2*

(vi) 'कुहनी से धकियाना' किसका सूचक है ? लोग एक-दूसरे को कुहनी क्यों मारने लगते हैं ? *2*

## खण्ड ख

### (अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :

(i) विशेष लेखन से क्या अभिप्राय है ? इसके प्रमुख क्षेत्र कौन-कौन-से हैं ? (शब्द सीमा लगभग 20 शब्द) *1*

(ii) संपादकीय और लेख में अंतर स्पष्ट कीजिए। (शब्द सीमा लगभग 40 शब्द) *2*

(iii) समाचार लेखन की बुनियादी और मानक शैली कौन-सी है ? उसकी विशेषताएँ लिखिए। (शब्द सीमा लगभग 40 शब्द) *2*

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(i) 'इंटरनेट अंतरक्रियात्मकता और सूचनाओं के विशाल भंडार का अनूठा माध्यम है।' टिप्पणी कीजिए।

(ii) विशेष लेखन की भाषा-शैली सामान्य लेखन से किन रूपों में भिन्न है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(iii) समाचार-पत्रों में विचारपरक लेखन के महत्त्व पर प्रकाश डालिए। इसके अंतर्गत किस प्रकार के लेखन को शामिल किया जाता है ? उदाहरण सहित लिखिए।

**5.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 100 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : *5*

(i) मेरी खिड़की से दिखता पेड़

(ii) पुस्तक मेले में एक दिन

(iii) लुप्त होते पारंपरिक खेल

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(i) 'कविता के समस्त घटक परिवेश और विषय से संचालित होते हैं।' सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ii) "नाटक सामाजिक समस्याओं के चित्रण का सबसे प्रभावी और सशक्त माध्यम है।" इस संबंध में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(iii) कहानी और नाटक में समानता और भिन्नता के प्रमुख बिंदुओं का उल्लेख कीजिए।

## खण्ड ग

## (पाठ्य-पुस्तकों अंतरा तथा अंतराल पर आधारित प्रश्न)

**7.** निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए : *5×1=5*

तरिवर झरै झरै बन ढाँखा। भइ अनपत्त फूल फर साखा॥
करिन्ह बनाफति कीन्ह हुलासू। मो कहँ भा जग दून उदासू॥
फाग करहि सब चाँचरि जोरी। मोंहि जिय लाइ दीन्हि जसि होरी॥
जौं पै पियहि जरत अस भावा। जरत मरत मोहि रोस न आवा॥
रातिहु देवस इहै मन मोरें। लागौं कंत छार जेऊँ तोरें॥
यह तन जारौं छार कै, कहौं कि पवन उड़ाउ।
मकु तेहि मारग होइ परौं, कंत धरै जहँ पाउ॥

(i) वृक्षों की शाखाओं का पुराने पत्तों से रहित हो जाना, ढाक के जंगलों का पत्रविहीन हो जाना – नागमती का यह कथन किस मास के संदर्भ में है ?

(A) अगहन (B) फागुन
(C) पौष (D) माघ

(ii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर लिखिए :

*कथन :* नागमती के हृदय में अपने पति के प्रति एकनिष्ठ प्रेम और समर्पण का भाव है।

*कारण :* स्वयं को मिटा कर भी प्रिय के पास पहुँच जाना ही उसका अभीष्ट है।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है।
(B) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है।
(C) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।
(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iii) कविता के आधार पर सही विकल्पों का चयन कर लिखिए :

I. चारों ओर उल्लास का वातावरण है किंतु नागमती का जीवन उदासी से भरा हुआ है।
II. पति के न होने के कारण वह सखियों के साथ मिलकर चाँचरि खेल रही है।
III. पति के प्रेम में जलकर मर जाना उसे सहर्ष स्वीकार है।

**विकल्प :**

(A) I, II और III तीनों (B) केवल I और III
(C) केवल I और II (D) केवल II और III

(iv) नागमती किस रूप में अपने पति का स्पर्श करना चाहती है ?

(A) पक्षी बनकर (B) बादल बनकर

(C) राख बनकर (D) पतंगा बनकर

(v) प्रस्तुत कविता का केंद्रीय भाव है :

(A) राजा रत्नसेन और नागमती के एकनिष्ठ प्रेम का वर्णन

(B) होली के अवसर पर लोगों की प्रसन्नता का वर्णन

(C) ऋतुओं के साथ होने वाले प्राकृतिक परिवर्तन का वर्णन

(D) फागुन मास में रानी नागमती की विरह-व्यथा का वर्णन

**8.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(i) 'भरत-राम का प्रेम' के आधार पर भरत की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ii) 'सरोज-स्मृति' कविता के आधार पर तत्कालीन सामाजिक परिवेश और निराला के जीवन-संघर्ष का वर्णन कीजिए।

(iii) 'तोड़ो' कविता बाधाओं और रूढ़ियों को तोड़कर सर्जन करने के लिए प्रेरित करती है। टिप्पणी कीजिए।

**9.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश की लगभग 100 शब्दों में सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *6*

(i) राघौ ! एक बार फिरि आवौ।

ए बर बाजि बिलोकि आपने बहुरो बनहिं सिधावौ ॥
जे पय प्याइ पोखि कर-पंकज वार वार चुचुकारे।
क्यों जीवहिं, मेरे राम लाडिले ! ते अब निपट बिसारे ॥
भरत सौगुनी सार करत हैं अति प्रिय जानि तिहारे।
तदपि दिनहिं दिन होत झाँवरे मनहुँ कमल हिममारे ॥

**अथवा**

(ii) चढ़कर मेरे जीवन-रथ पर,
प्रलय चल रहा अपने पथ पर।
मैंने निज दुर्बल पद-बल पर,
उससे हारी-होड़ लगाई।
लौटा लो यह अपनी थाती,
मेरी करुणा हा-हा खाती
विश्व ! न सँभलेगी यह मुझसे
इससे मन की लाज गँवाई।

10. निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए : *5×1=5*

एक मिल मालिक के दिमाग में अजीब-अजीब खयाल आया करते थे जैसे सारा संसार मिल हो जाएगा, सारे लोग मज़दूर और वह उनका मालिक या मिल में और चीज़ों की तरह आदमी भी बनने लगेंगे, तब मज़दूरी भी नहीं देनी पड़ेगी, वगैरा-वगैरा। एक दिन उसके दिमाग में खयाल आया कि अगर मज़दूरों के चार हाथ हों तो काम कितनी तेज़ी से हो और मुनाफ़ा कितना ज़्यादा। लेकिन यह काम करेगा कौन ? उसने सोचा, वैज्ञानिक करेंगे, ये हैं किस मर्ज़ की दवा ? उसने यह काम करने के लिए बड़े वैज्ञानिकों को मोटी तनख़्वाहों पर नौकर रखा और वे नौकर हो गए। कई साल तक शोध और प्रयोग करने के बाद वैज्ञानिकों ने कहा कि ऐसा असंभव है कि आदमी के चार हाथ हो जाएँ। मिल मालिक वैज्ञानिकों से नाराज़ हो गया। उसने उन्हें नौकरी से निकाल दिया और अपने-आप इस काम को पूरा करने के लिए जुट गया।

× × × × × × × ×

आखिर एक दिन बात उसकी समझ में आ गई। उसने मज़दूरी आधी कर दी और दुगुने मज़दूर नौकर रख लिए।

(i) गद्यांश में मिल मालिक किसका प्रतीक है ?

(A) बौद्धिक वर्ग का

(B) पूँजीपति वर्ग का

(C) श्रमजीवी वर्ग का

(D) व्यापारी वर्ग का

(ii) मिल मालिक ने वैज्ञानिकों को मोटी तनख़्वाह पर नौकरी पर क्यों रखा ?

(A) नए-नए शोध और प्रयोग करने के लिए

(B) मज़दूरों की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए

(C) मज़दूरों को चार हाथ लगाने के लिए

(D) तकनीक की मदद से उत्पादन बढ़ाने के लिए

(iii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर लिखिए :

*कथन :* मिल मालिक ने वैज्ञानिकों को नौकरी से निकाल दिया।

*कारण :* वैज्ञानिक मिल मालिक के सपने को साकार रूप देने में असफल रहे।

**विकल्प :**

(A) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कारण सही है, किंतु कथन ग़लत है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है।

(iv) गद्यांश के मूल भाव को व्यक्त करने वाला कथन ***नहीं*** है :

(A) पूँजीवादी व्यवस्था में मज़दूरों के शोषण का वर्णन किया गया है।

(B) शोषण आधारित व्यवस्था का पर्दाफ़ाश किया गया है।

(C) पूँजीपतियों द्वारा मज़दूरों को पंगु बनाने के तरीकों का वर्णन किया गया है।

(D) पूँजीपतिवर्ग की अहिंसावादी नीतियों का वर्णन किया गया है।

(v) मज़दूर आधी मज़दूरी पर भी काम करने के लिए क्यों तैयार हो गए ?

(A) भरण-पोषण की लाचारी के कारण

(B) काम करने के घंटे कम होने के कारण

(C) कार्यक्षेत्र में बढ़ती सुविधाओं के कारण

(D) पूँजीपति के बढ़ते भय के कारण

**11.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(i) 'जीवन' अदम्य जिजीविषा का दूसरा नाम है। 'कुटज' पाठ के आधार पर टिप्पणी कीजिए।

(ii) लेखक को बचपन से ही साहित्यिक परिवेश और अनुकूल वातावरण मिला था। 'प्रेमघन की छाया-स्मृति' पाठ के आधार पर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'गांधी, नेहरू और यास्सेर अराफ़ात' पाठ के आधार पर गांधीजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

**12.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी ***एक*** गद्यांश की लगभग 100 शब्दों में सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *6*

(i) एक पाठशाला का वार्षिकोत्सव था। मैं भी वहाँ बुलाया गया था। वहाँ के प्रधान अध्यापक का एकमात्र पुत्र, जिसकी अवस्था आठ वर्ष की थी, बड़े लाड़ से नुमाइश में मिस्टर हादी के कोल्हू की तरह दिखाया जा रहा था। उसका मुँह पीला था, आँखें सफेद थीं, दृष्टि भूमि से उठती नहीं थी। प्रश्न पूछे जा रहे थे। उनका वह उत्तर दे रहा था। धर्म के दस लक्षण वह सुना गया, नौ रसों के उदाहरण दे गया। पानी के चार डिग्री के नीचे शीतता में फैल जाने के कारण और उससे मछलियों की प्राणरक्षा को समझा गया, चंद्रग्रहण का वैज्ञानिक समाधान दे गया, अभाव को पदार्थ मानने न मानने का शास्त्रार्थ कह गया और इंग्लैंड के राजा आठवें हेनरी की स्त्रियों के नाम और पेशवाओं का कुर्सीनामा सुना गया।

**अथवा**

(ii) यकायक सहस्र दीप जल उठते हैं पंडित अपने आसन से उठ खड़े होते हैं। हाथ में अँगोछा लपेट के पंचमंजिली नीलांजलि पकड़ते हैं और शुरू हो जाती है आरती। पहले पुजारियों के भर्राए गले से समवेत स्वर उठता है – जय गंगे माता, जो कोई तुझको ध्याता, सारे सुख पाता, जय गंगे माता। घंटे घड़ियाल बजते हैं। मनौतियों के दिये लिए हुए फूलों की छोटी-छोटी किश्तियाँ गंगा की लहरों पर इठलाती हुई आगे बढ़ती हैं। गोताखोर दोने पकड़, उनमें रखा चढ़ावे का पैसा उठाकर मुँह में दबा लेते हैं। एक औरत ने इक्कीस दोने तैराएँ हैं। गंगापुत्र जैसे ही एक दोने से पैसा उठाता है, औरत अगला दोना सरका देती है।

**13.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए : *2×5=10*

(i) "जब तक उसे रोते न देखूँगा, यह काँटा न निकलेगा।" 'सूरदास की झोंपड़ी' पाठ से उद्धृत इस कथन के आलोक में 'भैरों' के चरित्र का वर्णन कीजिए।

(ii) 'बिस्कोहर की माटी' पाठ प्रकृति के साथ मनुष्य के संबंध की मार्मिक पड़ताल करता है। साथ ही साथ अपनी जड़ों से गहरे जुड़ाव और आत्मीयता की भावना को भी प्रकट करता है। सोदाहरण टिप्पणी कीजिए।

(iii) 'अपना मालवा – खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' पाठ में लेखक ने मालवा की किन विशेषताओं का वर्णन किया है ? आधुनिक भोगवादी संस्कृति उसको किस प्रकार नष्ट करती जा रही है ?